# कपड़ा और फैशन क्षेत्र में निवेश पर फोकस

## मुख्यमंत्री ने स्पेन यात्रा के दूसरे दिन इंडिटेक्स मुख्यालय में की बैठक

- मप्र टेक्सटाइल सेक्टर के लिए आदर्श स्थान
- पीएम मित्रा पार्क : इंडिटेक्स के लिए सुनहरा अवसर

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 17 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन यात्रा के दूसरे दिन का फोकस वैश्विक कपड़ा एवं फैशन क्षेत्र के दिग्गजों से निवेश संवाद का रहा. स्पेन के गैलिसिया स्थित इंडिटेक्स मुख्यालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को हरित, लागत-प्रतिस्पर्धी और ट्रेसिबल उत्पादन हब के रूप में प्रस्तुत किया. बैठक में इंडीटेक्स समूह के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापारिक साझेदारी और सतत निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार टेक्सटाइल क्षेत्र में वैश्विक साझेदारियों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. इंडिटेक्स जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड की उपस्थिति से राज्य में आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और हरित उत्पादन को गति मिलेगी. हम इस साझेदारी को सभी स्तरों पर समर्थन देने को तत्पर हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र देश के शीर्ष कच्चा कपास उत्पादक राज्यों में से एक है, जहां सालाना लगभग 18 लाख बेल्स यानी 3 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन होता है. राज्य में 15 से अधिक टेक्सटाइल क्लस्टर हैं इसमें इंदौर, मंदसौर, बुरहानपुर,



उज्जैन, नीमच जैसे केंद्र टेक्सटाइल उत्पादन में अग्रणी हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धार जिले में भारत सरकार की पीएम मित्रा योजना के तहत विकसित हो रहा टेक्सटाइल मेगा पार्क इंडिटेक्स जैसे वैश्विक ब्रांडों के लिए सस्टेनेबल और इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग का आदर्श केंद्र बन सकता है. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस पार्क में गारमेंटिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा.

### साझेदारी से 10 हजार करोड़ तक निर्यात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य से टेक्सटाइल और गारमेंट का वार्षिक निर्यात 7 हजार करोड़ रूपये से अधिक है, जिसमें यूरोपीय संघ प्रमुख है. उन्होंने बताया कि इंडिटेक्स जैसे ब्रांड की साझेदारी से यह आंकड़ा 10 हजार करोड़ रूपये तक पहुंच सकता है, जिससे स्थानीय रोजगार और महिला सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंडिटेक्स को आमंत्रण दिया कि वह पीएम मित्रा पार्क में सप्लाई चेन एंकर के रूप में भागीदारी बने. उन्होंने एक ऑर्गेनिक कॉटन ट्रेसिंग प्लेटफॉर्म और ई एस जी सर्टिफाइड एमएसएमई के साथ वेंडर डेवेलपमेंट प्रोग्राम प्रारंभ करने का सुझाव भी दिया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र भारत का अग्रणी ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादक है. राज्य में यहां विशेषकर निमाड़ और मालवा क्षेत्रों में बहुतायत में कॉटन का उत्पादन होता है. यहां जीओटीएस -सर्टिफाइड किसान समूह सक्रिय हैं, जो इंडिटेक्स की सस्टेनेबिलिटी और ट्रेसिबिलिटी नीतियों के लिए आदर्श साझेदार हो सकते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फार्मर-टू-फैब्रिक वैल्यू चेन पर इंडिटेक्स के साथ मिलकर काम करने का सुझाव दिया.

# पुलिस बनकर दिनदहाड़े महिला से छीनी चेन

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**देवास, 17 जुलाई. मध्यप्रदेश के देवास शहर में दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र में विजया रोड निवासी मंडी व्यापारी राजेन्द्र जैन की पत्नी निर्मला जैन को चार अज्ञात बदमाशों ने लूट का शिकार बना लिया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, निर्मला जैन मंदिर से लौट रही थीं, तभी दो बाइकों पर सवार चार युवक उनके पास पहुंचे और खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए गहने उतरवाने को कहा. महिला कुछ समझ पाती, उससे पहले ही बदमाशों ने उनकी चेन झपट ली और फरार हो गए.

घटना के तुरंत बाद महिला ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया. पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. बताया जा रहा है कि लूट की यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है. पुलिस अब फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान और तलाश में जुट गई है. स्थानीय लोगों में इस वारदात को लेकर भय और आक्रोश का माहौल है. वे दिनदहाड़े हुई इस लूट को लेकर पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं.

# हम मिलकर भाजपा को और मजबूत बनाएंगे : खंडेलवाल

- रेलवे स्टेशन से अटल सभागार तक हुआ स्वागत

**ग्वालियर. भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आज दोपहर ग्वालियर पहुंचे. प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला एक दिवसीय ग्वालियर प्रवास है. रेलवे स्टेशन से लेकर अटल बिहारी वाजपेई सभागार तक प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने 50 से ज्यादा स्थानों पर फूलमाला और ढोल बजाकर स्वागत किया.**



खंडेलवाल ने प्रेस से बात करते हुए कहा कि मैं ग्वालियर की जनता का धन्यवाद देता हूं जिन्होंने तहे दिल से हमारा स्वागत किया. बीजेपी में हर कार्यकर्ता का सम्मान है. हम सभी एक परिवार के साथी हैं और हम सभी लोग मिलकर भारतीय जनता पार्टी को और मजबूत बनाएंगे.

ग्वालियर के कार्यकर्ताओं में जो जोश और जज्बा दिखाई दे रहा हैं, यह भारतीय जनता पार्टी की ताकत है. इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी मौजूद थे. रात 8 बजे वे कैंसर हॉस्पिटल पहुचेंगे और 14वीं पुण्यतिथि पर स्वर्गीय शीतला सहाय को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक लेंगे. भजन संध्या में शामिल होने के बाद रात को रेल मार्ग से भोपाल लौट जाएंगे.

# प्रदेश के कई हिस्सों में मंडराया बाढ़ खतरा

**40** किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी | **24** घंटों में भारी बारिश के आसार

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 17 जुलाई. मप्र के कई हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान अचानक बाढ़ का खतरा बना हुआ है. जिसमें पूर्वी क्षेत्र के छतरपुर, दमोह, कटनी, पन्ना, सागर, सतना और टीकमगढ़ जिले और पश्चिमी क्षेत्र अशोकनगर, दतिया, गुना, ग्वालियर, मुरैना, राजगढ़, श्योपुर, शिवपुरी और विदिशा जिले शामिल हैं. प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में शुक्रवार को मूसलाधार बारिश हो सकती है.**

मौसम विभाग ने कई जिलों में होने वाली मूसलाधार बारिश को लेकर रेड अलर्ट भी जारी कर दिया है. रीवा, मऊगंज, सतना, कटनी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में अत्यधिक बारिश के आसार बने हैं. इसके साथ ही मंदसौर, नीमच, गुना,



श्योरपुरकलां, अशोकनगर, सिंगरौली, सीधी, शिवपुरी, सागर, मैहर सहित जिलों में भी भारी बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताई है. इन जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है. प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश होने की संभावना जताई गई है. नर्मदापुरम, उमरिया, कटनी, नरसिंहपुर, सहित जिलों में बारिश भी बारिश हो सकती है. इन जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं. मौसम विभाग ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. प्रदेश में फिलहाल मूसलाधार बारिश होने की संभावना जताई गई है. इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी.

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी राजस्थान के मध्य भागों में डिप्रेशन 27.4ए उत्तरी अक्षांश और 75.4ए पूर्वी देशांतर के पास, सीकर से लगभग 40 किमी दक्षिण-पूर्व और चुरू से 110 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में अवस्थित है. अगले 24 घंटों के दौरान इसके उत्तरी राजस्थान से होते हुए धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है. उत्तरी झारखंड और संलग्न दक्षिण बिहार पर एक सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र अवस्थित है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके झारखंड और दक्षिण बिहार से होते हुए पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ने की संभावना है

### एक नजर में

#### बिजली चोरी पकड़ने पहुंचे अधिकारी से हुई मारपीट

**सीहोर.** सीहोर जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां बिजली चोरी की जांच करने पहुंचे बिजली कंपनी के असिस्टेंट इंजीनियर के साथ मारपीट और बदसलूकी की गई. यह मामला जोन-1 के कस्बा क्षेत्र का है. बिजली विभाग की टीम बुधवार को डायरेक्ट लाइन से हो रही बिजली चोरी पकड़ने पहुंची थी. जांच के दौरान असिस्टेंट इंजीनियर अतुलेश ने एक स्थान पर तार में कट लगाकर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पकड़ा. जैसे ही अधिकारी रिपोर्ट तैयार करने लगे, मौके पर मौजूद युवक ने दुर्व्यवहार शुरू कर दिया.

#### तेज रफ्तार बस नहर में गिरी, पिता-पुत्र घायल

**मुरैना.** मुरैना जिले के चिन्नौनी थाना क्षेत्र के सिंगरोली पुलिया के पास एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर चंबल नहर में जा गिरी. सौभाग्य से बस में सवारियां नहीं थीं, जिससे बड़ा हादसा टल गया. बस में केवल दो लोग संचालक पिता और ड्राइवर पुत्र मौजूद थे, जो हादसे में घायल हो गए. बताया जा रहा है कि पुत्र बस ड्राइव कर रहा था और पिता कंडक्टरी कर रहे थे. दोनों को तत्काल कैलारस अस्पताल भेजा गया. बस कैलारस बर्रेड से चिन्नौनी सवारियां भरने जा रही थी. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से बस को नहर से बाहर निकाला गया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

# गाड़ी में गौ मांस, चालक फरार



**भोपाल, 17 जुलाई. मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में गौकशी और गौ मांस तस्करी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. बीते 20 दिनों में यह पांचवां मामला सामने आया है. ताजा घटना सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र की है, जहां बजरंग दल और गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने एक संदिग्ध गाड़ी को पकड़ा. बताया जा रहा है कि गाड़ी में गौ मांस भरा हुआ था और करीब चार गायों की हत्या की गई थी.**

यह गाड़ी रायसेन से भोपाल जा रही थी. हिंदू संगठनों को

### गौकशी का पांचवां मामला

इसकी भनक लगते ही उन्होंने वाहन का पीछा किया, लेकिन ड्राइवर मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया. हैरानी की बात यह रही कि गाड़ी रायसेन जिले की थी, लेकिन उस पर महाराष्ट्र का नंबर प्लेट लगा हुआ था, जिससे शक और गहराता जा रहा है. हिंदू संगठनों के दबाव के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि वाहन मालिक और अन्य संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. इन घटनाओं से हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त है.

# राज्य स्तरीय एकाग्र आकार फिल्मोत्सव 23-24 अगस्त को

- फिल्म महोत्सव 2009 से प्रतिवर्ष आयोजित
- फिक्शन फिल्म 20 से 120 मिनट तक की मान्य होगी

**भोपाल, 17 जुलाई. मध्यप्रदेश में एकाग्र आकार फिल्म महोत्सव का आयोजन होगा. महोत्सव में फिल्म भेजने की तिथि भी घोषित कर दी गई है. निर्देशक शशिकांत ने बताया कि इस बार का फिल्मोत्सव 23 और 24 अगस्त को भोपाल के एनआईटीटीटीआर समागृह में आयोजित किया जाएगा.**

जिसमें फिल्म भेजने की अंतिम तिथि 9 अगस्त निर्धारित की गई है. यह फिल्म महोत्सव 2009 से प्रतिवर्ष राज्य स्तर पर आयोजित किया जाता है. फिल्मोत्सव में मध्यप्रदेश के फिल्मकारों द्वारा किसी भी विषय पर निर्मित फिल्में भेजी जा सकती है.

लघु फिल्म की अवधि 5 से 15 मिनट डाक्यूमेंट्री फिल्म की अवधि 10 से 20 मिनट और फिक्शन फिल्म 20 से 120 मिनट तक की मान्य होगी. फिल्मोत्सव में फिल्म भेजने के लिए किसी तरह की कोई शुल्क नहीं है यह पूर्णत: निशुल्क है.

## फर्जी हस्ताक्षर से 7.5 करोड़ का हुआ गबन

**जबलपुर.** मध्यप्रदेश के जबलपुर में केपी बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स कंपनी में करोड़ों का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है. कंपनी के ही एक कर्मचारी ने अपने साथियों के फर्जी हस्ताक्षर कर साढ़े 7 करोड़ रुपये का गबन किया. आरोपी ने नगर निगम को 3 करोड़ की राशि चुकाने के बावजूद बैलेंस शीट में 9 करोड़ दर्शा दिए और चालाकी से नौकर, भाई और साथियों के खातों में रकम ट्रांसफर कर दी. आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने विनय दुबे, आकाश साहू, धर्म प्रकाश राजपूत और अमित राजपूत के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र कर गबन करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

ऊर्जा वार्ता | नई दिल्ली में ऊर्जा वार्ता बैठक में मंत्री राजपूत ने कहा

# कम दर पर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने की जरूरत

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 17 जुलाई. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा है कि हमे देश में कम दर पर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देना होगा. उन्होंने कहा कि विकसित देशों में इन्टीग्रेडेट एप्रोच अपनाने से प्रोडक्टिविटी बढ़ती है और ऊर्जा की लागत तुलनात्मक रूप से कम आती है. ऐसे ही उपाय अपनाना चाहिए, ताकि कम दर पर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा मिल सके.**



राजपूत ने नई दिल्ली में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित ऊर्जा वार्ता बैठक में यह बात कही. केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में देश के सभी राज्यों के उद्योग एवं खाद्य मंत्री शामिल हुए. मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री राजपूत ने मप्र में जैव ऊर्जा योजना 2025 का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार ने 280 करोड़ रूपये के निवेश से 12 जैव ईधन परियोजनाओं को मंजूरी दी है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में लगातार नये नये उद्योग लगाने के प्रयास कर रहे हैं. राजपूत ने बताया कि मप्र में शहरी गैस वितरण नीति-2025 लागू की गई है. इसमें आगामी 6 से 8 वर्षों के बीच 55 जिलों में घरों तक पाईप के माध्यम से प्राकृतिक गैस और सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से वाहनों में सीएनजी फिलिंग करने की योजना है.

### मप्र में 2028 तक हरित परियोजना प्रारंभ करने का लक्ष्य

खाद्य मंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हरित हाईड्रोजन के एमओयू साइन किए गए हैं. उन्होंने कहा कि मप्र सरकार ने 2028 तक एक हरित परियोजना चालू करने का लक्ष्य रखा है. राजपूत ने कहा कि हमने राज्य में 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रणयुक्त ईधन उपयोग करने का लक्ष्य रखा है.




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14